डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0)
Dr Rammanohar Lohia Avadh University, Ayodhya (UP)

पत्रांकः लो0अ0वि0/कु0स0का0/2023/1282 दिनांकः 23.11.2023

कार्यालय ज्ञाप

विश्वविद्यालय का 28वॉ दीक्षान्त समारोह दिनांकः 29 नवम्बर, 2023 को प्रातः 11 बजे आयोजित किया जा रहा है, जिसकी अध्यक्षता मा0 कुलाधिपति महोदया द्वारा की जायेगी। दीक्षान्त समारोह में अति–गणमान्य अतिथि प्रतिभाग करेंगे, जिनकी उपस्थिति में छात्र–छात्राओं को उपाधि, पदक तथा दीक्षोपदेश दिया जायेगा। दीक्षान्त समारोह शैक्षणिक गतिविधियों का सर्वोच्च कार्यक्रम होता है। दीक्षान्त समारोह के सुचारू संचालन एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न किये जाने हेतु दीक्षान्त समारोह का पूर्वाभ्यास किया जाना प्रस्तावित है, जिसका विवरण निम्नवत् है :–

क्र.सं.	दिनांक	समय	स्थान
1	27 नवम्बर, 2023	अपरान्ह् 03 बजे	विवेकानन्द प्रेक्षागृह, विश्वविद्यालय परिसर
2	28 नवम्बर, 2023	पूर्वान्ह् 11 बजे	विवेकानन्द प्रेक्षागृह, विश्वविद्यालय परिसर

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया उक्त तिथियों को दीक्षान्त समारोह के पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में सम्मिलित होने का कष्ट करें।

(डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. माननीय कार्यपरिषद/ विद्यापरिषद के समस्त सदस्यगण।
2. दीक्षान्त समारोह आयोजन समितियों के संयोजक व समस्त सदस्यगण।
3. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक को इस आशय से प्रेषित कि आप अपने विभाग के छात्र–छात्राओं को उक्त तिथियों में विवेकानन्द प्रेक्षागृह में उपस्थित होने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. पदक प्राप्तकर्ता/पी0एच–डी0/उपाधि प्राप्तकर्ता समस्त छात्र–छात्राओं को इस आशय से प्रेषित कि उक्त तिथियों में आप पूर्वाभ्यास में सम्मिलित होने का कष्ट करें।
5. सहायक अभियन्ता/सम्पत्ति अधिकारी।
6. प्रोग्रामर, ई0डी0पी0 सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त कार्यालय ज्ञाप को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
7. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति जी के सूचनार्थ।
8. पत्रावली।

(डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र)
कुलसचिव

CamScanner